## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने कार एवं मोटर साइकिल किया पार

**कटनी।** सक्रिय चोर बदमाश कहीं न कहीं वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम खिरहनी में मकान के सामने खड़ी कार को देररात अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली के गजानन कॉम्पलेक्स में दुकान के बाहर खड़ी बाइक को लेकर बदमाश चंपत हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम खिरहनी में हिमांशु पटेल के मकान के बाहर खड़ी कार क्रमांक एम.पी.20 जेड एफ-2427 को अज्ञात बदमाशों ने देररात पार कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली के गजानन कॉम्पलेक्स में दुकान के बाहर खड़ी माधवनगर निवासी विजय कटारिया की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी. 21 एमआर-1143 को अज्ञात बदमाश लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### सीनियर कन्या छात्रावास का भवन कागजों तक सिमटा

**सिलौंडी।** सन 2022 में सीनियर कन्या छात्रावास का भवन 2 करोड़ 41 लाख की लागत से स्वीकृत हो चुका है परंतु अभी तक उसकी टेंडर प्रक्रिया नही हुई है जिसके कारण भवन निर्माण का कार्य भी शुर नही हो सका है। आदिवासी कन्याएं अच्छे प्रतिशत से पास होती है परन्तु आगे की पढ़ाई हेतु रहने की व्यवस्था ना होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर में बैठ जाती है। आदिवासी कन्याओं को छात्रावास में जगह नहीं होने की बात बोलकर उनको वापस किया जा रहा है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के कारण आदिवासी कन्याओं का भविष्य नहीं संवार पा रहा है। यदि समय पर सीनियर कन्या छात्रावास के भवन का निर्माण नही हुआ तो आदिवासी कन्याओं को आगे की पढ़ाई में दिक्कत होगी। क्षेत्र के जागरूक लोगों ने शासन और प्रशासन से जल्द से जल्द सीनियर कन्या छात्रावास के भवन निर्माण की मांग किया है ।

### जिला आपदा प्रबंधन की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार, 12 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान जिले में संभावित आपदाओं के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर आपदाओं के निवारण और शमन के लिये जिला स्तर पर की गई तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को अपनी तैयारियों का विवरण पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### बड़वारा में जन कल्याण शिविर आज से

**कटनी।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जनपद पंचायत बड़वारा में शुक्रवार 12 जून से तीन दिवसीय 'जन कल्याण शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 जून तक बड़वारा जनपद पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासन की 111 सेवाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम और राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### मोटर साइकिल की टक्कर से युवक घायल

**कटनी।** माधवनगर थाना के झिंझरी क्षेत्र में एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ललित यादव 34 वर्ष निवासी करहिया कला, थाना कुठला झिंझरी क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 20 MP 3525 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में ललित यादव को चोटें आई हैं। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में कर रहे प्रेक्टिस, बकेली में हुई कार्रवाई

# अनाधिकृत डॉक्टर कर रहे सेहत से खिलवाड़, दांव पर मरीजों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले भर में अनाधिकृत झोलाछाप डाक्टर बगैर डिग्री डिप्लोमा के मरीजों का उपचार कर रहे हैं। झोलाछाप बकायदे क्लीनिक खोलकर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं, कईयों ने मेडिकल दुकान भी खोल रखी है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते झोलाछाप डाक्टर मोटी कमाई कर रहे हैं जिनको स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श देने की ही शासन ने छूट दी है वे बाकायदा दवाखाना खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं और भर्ती भी करते हैं।

शहरी, उप नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में झोलाझापों ने अपनी दुकानें सजा रखी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित और विकट है। कस्बों में भी बिना डिग्री के नीम हकीम लोगों का उपचार कर रहे हैं। इन लोगों ने जगह-जगह अपनी दुकानें खोल रखी हैं तथा खुलेआम लोगों का उपचार करते हैं, लेकिन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के कारण ये दुकानें खोलकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र में जहां जगह जगह झोलाछाप अपने क्लिनिक डाल रखें है जहां बेरोक टोक लोगों का उपचार कर रहे है बताया जाता है कि कई नीम हकीम तो ऐसे है जिन्होंने कुछ दिन किसी के यहां काम किया और उसके बाद खुद का क्लिनिक खोलकर इलाज करना शुरु कर दिया है।

#### टीम ने दी दबिश, दवाईयां की जब्त

विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिघनपुरा के ग्राम बकेली के मंदिर परिसर में संचालित निजी क्लीनिक का नायब तहसीलदार सिंगौड़ी राजेन्द्र श्रीवास्तव और विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार द्वारा यहां पहुंचकर निरीक्षण और जांच कर पंचनामा तैयार किया जांच दल को यहां पहुंचने पर पता चला कि इस क्लीनिक में सी.पी. सिंह नाहर एवं भूपेन्द्र सिंह नाहर द्वारा मेडिकल प्रैक्टिस की जाती है। जांच दल ने यहां से एलोपैथिक मेडिसिन की जांच की और सभी दवाइयां एवं अन्य सामग्री की सूची बनाकर जब्त की गई। संबंधित प्रैक्टिशनर को आगामी तीन दिन के भीतर मेडिकल प्रैक्टिस संबंधित सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

गौरतलब है कि झोलाछापों के क्लीनिकों में जाकर कई लोग शिकार हो चुके है तथा कई हादसे घटित हो चुके है लेकिन प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं करने से क्षेत्र में इनक धंधा फल फूल रहा हैं और लोगों से इलाज के नाम पर ठगी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षैत्रों में तो नीम हकीम की इलाज के नाम पर चांदी हो रही है। जहां एक ग्लूकोस की बोतल लगाने के नाम पर ही ग्रामीणों से मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। क्षेत्र में इन नीम हकीमों के उपचार के चलते जहां कई लोग इनके उपचार से हादसे का शिकार बन चुके है क्षेत्र में कोई हादसे का शिकार होने के बाद प्रशासन रस्मी कार्यवाही कर इतिश्री कर लेते हैं। सतत कार्यवाही नही होने से ये बेखौफ हो जाते है।



## सजा मंडप, धूमधाम से हुआ तुलसी शालिग्राम विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पवित्र पुरषोत्तम मास चल रहा है इसके चलते मंदिरों मे विविध धार्मिक कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित हो रहे है। वर्ष भर मे जितने पर्व पड़ते है उन सभी त्यौहारो को इस पुरषोत्तम मास मे मनाने का सिलसिला चल रहा है। गुरुवार को कमला एकादशी के अवसर पर तुलसी शालिग्राम विवाहोत्सव सिंहवाहिनी मंदिर मे मनाया गया जहां दीपक जलाकर रोशनी की ओर मंडप बनाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव मनाया गया।

कमला एकादशी के पर्व पर स्लीमनाबाद नगर स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे धूमधाम के साथ भव्य विवाहोत्सव आयोजन हुआ।यहां महिला मंडल व पुरषोत्तम मास व्रतधारी महिलाओं ने विशेष आयोजन किया।जहां गन्ने का मंडप सजाया गया।दिव्य मंडप में विराजित कर तुलसी -शालिग्राम जी का विवाह कराया गया।विवाह रस्म की शुरुआत लग्नोत्सव के साथ हुई।साथ ही हल्दी लगाई गई फिर धूमधाम से गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई।बारात मैं महिलाओं ने नाचते गाते हुए आंनद लिया।फिर पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया।लग्न से लेकर विदाई बारात और विदाई तक रस्म अदा की गई।इस दौरान महिलाओं के मंगलमय विवाह गीत भी गाये गए।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान बांके बिहारी का पवित्र माह है।पुरषोत्तम मास स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। इससे पाप का नाश होकर सुख, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### स्कूलों के संचालन को लेकर शिक्षकों द्वारा शुरू कर दी गई तैयारियां

## विद्यालयों के खुल गये ताले, 16 जून से कक्षाओं का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



चालू शैक्षणिक सत्र 2025 में स्कूलों के ताले खुल गए । लेकिन अभी घंटी नहीं बजी हैं। 16 जून से स्कूलों में कक्षाएं शुरू होंगी। शिक्षकों ने पहले दिन स्कूलों में पुस्तकों के वितरण की तैयारी की। प्रवेश के साथ अपनी उपस्थित के लिए सामूहिक रूप से स्कूल में सेल्फी लेकर ऑनलाइन फोटो सबमिट किया। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पहली से 12 वीं तक स्कूलों के ताले खुल गए। पहले दिन शिक्षकों ने स्कूल परिसर में साफ-सफाई कराने के साथ ही टेबल की धूल को हटाया।

प्रधान पाठकों और शिक्षकों ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अपार आइडी आदि पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान हायर सेकंडरी स्कूलों में लैब से लेकर स्कूल में सफाई की गई। सांदीपनि स्कूल स्लीमनाबाद में शिक्षकों द्वारा लैब की सफाई की गई। पुस्तक वितरण के लिए शेड तैयार किए गए। इस दौरान कुछ बच्चों ने प्रवेश भी लिए।

फील्ड में अधिकारियों ने स्कूलों का निरीक्षण किया। सबसे अधिक जोर अपार आइडी और प्रवेश पर दिया गया। स्कूल खुलते ही विद्यार्थी अंक सूची के लिए स्कूल पहुंच रहे है । प्राचार्य डी के ठाकुर ने बताया कि कॉलेज में बच्चों का प्रवेश शुरू है। इस लिए जो बच्चे अंक सूची नहीं ले गए उन्हें सत्यापित अंक सूची दी जा रही है।ऑनलाइन भरना होगा उपस्थिति - स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थित के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है।ऐसे मे शिक्षकों ने सेल्फी और स्कूलों में ग्रुप फोटो व वीडियो शेयर कर अपनी उपस्थित दर्ज कराई है। अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों में ऑनलाइन रिपोर्ट भरनी होगी।

#### इनका कहना है

प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग का कहना है कि स्कूल खुल गए हैं। अब शिक्षक रेगुलर अपनी उपस्थित देंगे। प्रवेश, पुस्तक वितरण के साथ ही बच्चों की अपार आइडी को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन उपस्थिति के लिए भी आदेश जारी किए गए हैं।

### रामकृष्ण परमहंस वार्ड में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



शहर के रामकृष्ण परमहंस वार्ड में नगर निगम द्वारा दो निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गरिमामय वातावरण में संपन्न किया गया जिसमें लगभग 17 .60 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य तथा बिलगवां रोड पर 4 .46 लाख रुपये की लागत से रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा बारिश के समय होने वाली समस्याओं से नागरिकों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, रिटेनिंग वॉल और सीसी रोड जैसे कार्यों से शहर की तस्वीर बदल रही है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी ने कहा कि वार्ड में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है।

## सत्य जोत लॉन और विरासत मैरिज गार्डन सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




नगर पालिक निगम कटनी द्वारा बिना वैधानिक अनुमति एवं निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित विवाह स्थलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को निगम प्रशासन ने राम मनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत केलवारा रोड स्थित सत्य जोत लॉन तथा आचार्य विनोबा भावे वार्ड स्थित विरासत मैरिज गार्डन को सील कर उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी।

निगम प्रशासन द्वारा की गई जांच में पाया गया कि सत्य जोत लॉन के संचालक ने "मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं आदर्श उपविधि, 2020" के अंतर्गत आवश्यक अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण नहीं कराया था। वहीं विरासत मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा विवाह स्थल संचालन के लिए अनिवार्य अनुज्ञप्ति ही प्राप्त नहीं की गई थी। वैधानिक अनुमति एवं आवश्यक औपचारिकताओं के अभाव में दोनों संस्थानों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई।

नोडल अधिकारी कॉलोनी सेल अंशुमान सिंह ने बताया कि संबंधित संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमानुसार पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए और न ही वैधानिक अनुमति प्राप्त की गई। इसके चलते निगम प्रशासन को नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए दोनों मैरिज गार्डनों को सील करने की कार्यवाही की गई है।

उन्होंने बताया कि नगर में नियमों की अनदेखी कर संचालित अन्य विवाह स्थलों की भी जांच की जा रही है। निर्धारित मानकों एवं उपविधियों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

### पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान, किया जा रहा निरीक्षण

## ब्लैक स्पाट पर हादसों को रोकने के लिये लगाये संकेतक, किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम लखपतेरी (जलासुर मार्ग) स्थित चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कटनी यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और जन-जागरूकता संबंधी कार्यवाही की।

पुलिस के अनुसार लखपतेरी क्षेत्र में पूर्व में कई गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की मौत हुई है तथा अनेक लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्र में चेतावनी सूचक फ्लेक्स बोर्ड, सावधानी संकेतक एवं जागरूकता संदेश लगाए गए हैं, ताकि वाहन चालक समय रहते सतर्क हो सकें।निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, तेज रफ्तार एवं खतरनाक ओवरटेकिंग से बचने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

यातायात पुलिस ने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जबकि सतर्कता और नियमों का पालन कई लोगों की जान बचा सकता है। पुलिस द्वारा जिले के अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का भी सर्वेक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक एवं जन-जागरूकता संबंधी कार्यवाही आगे भी जारी रखी जाएगी।यातायात पुलिस की अपील ₹सावधानी हटी, दुर्घटना घटी₹, ₹धीमी गति-सुरक्षित यात्रा₹ तथा ₹हेलमेट और सीट बेल्ट आपका सुरक्षा कवच हैं₹ जैसे संदेशों से जागरूक किया जा रहा है।

### जबलपुर मार्ग में बरगवां स्थित एलआईसी के पास शोरूम का हुआ शुभारंभ

## ग्राहकों को 50 से 75 फीसदी की छूट, खरीदारी में उपहार का भी ऑफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जबलपुर रोड स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पास किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने मध्यप्रदेश के कटनी में अपने 10वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया है। नए शोरूम के उद्घाटन समारोह में किसना के सीईओ पाराग शाह, फ्रेंचाइज़ पार्टनर रजनीकांत बजाज और मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। शोरूम के उद्घाटन को खास बनाने के लिए किसना अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स भी लेकर आया है। ग्राहक डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक और किसना आले की मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, खरीदारी करने वाले पहले 100 ग्राहकों को हर खरीदारी पर एक चाँदी का सिक्का भी उपहार में दिया जाएगा। वहीं, पुराने सोने के बदले डायमंड ज्वेलरी खरीदने चाहकों को कर 105 प्रतिशत तक का एक्सचेंज मूल्य मिलेगा।

हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कटनी एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहाँ अपार संभावनाएँ हैं। यह नया शोरूम हमें हर घर किसना के अपने लक्ष्य के और करीब ले जाता है, ताकि देश के हर परिवार तक भरोसेमंद और बेहतरीन डायमंड ज्वेलरी की पहुँच हो सके।

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा, ₹कटनी में शोरूम की शुरुआत हमारी विस्तार यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। देशभर में अपनी उपस्थिति का विस्तार के साथ हमारा फोकस ग्राहकों को खूबसूरती से तैयार की गई भरोसेमंद डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी उपलब्ध कराने पर है।

किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स बजाज एवं अग्रवाल परिवार ने कहा, ₹किसना के साथ जुड़ना ऐसे ब्रांड का हिस्सा बनने का अवसर है, जो भारत में ज्वेलरी रिटेल कारोबार को नई पहचान दे रहा है। हमें खुशी है कि हम कटनी के ग्राहकों के लिए इस भरोसेमंद ब्रांड की पेशकश कर रहे हैं। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के बारे में वर्ष 2005 में स्थापित किसना, हरि कृष्णा ग्रुप का प्रमुख डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड है। 'हर घर किसना' के विजन के साथ आगे बढ़ते हुए, ब्रांड ने देश के 28 राज्यों में 1,500 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट्स का मजबूत नेटवर्क तैयार किया है। वर्तमान में, देशभर में किसना के 154 एक्सक्लूसिव शोरूम्स हैं।

किसना अपने ग्राहकों को आकर्षक और खास डिज़ाइन्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराता है। ब्रांड के प्रोडक्ट्स में अंगूठियाँ, ईयररिंग्स, पेंडेंट, मंगलसूत्र, नेकलेस, चूड़ियाँ, ब्रेसलेट, नोज पिन और पुरुषों के लिए विशेष ज्वेलरी शामिल हैं। ये सभी आभूषण 9 कैरेट, 14 कैरेट, 18 कैरेट और 24 कैरेट सोने में उपलब्ध हैं तथा 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित और बीआईएस हॉलमार्क युक्त हैं।

कंपनी डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित 90 प्रतिशत बायबैक और 95 प्रतिशत एक्सचेंज सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे ग्राहकों को बेहतर मूल्य और अतिरिक्त भरोसा मिलता है।



## ओवरलोडिंग पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त दिशा निर्देशों के परिपालन में आरटीओ आफिसर संतोष पाल के नेतृत्व में आरटीओ टीम के द्वारा ओवरलोड वाहनों एवम बसों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। ओवरलोड कर ट्रकों में पत्थर भरकर परिवहन करने वाले कारोबारियों में भय का माहौल बना हुआ है वहीं क्षमता से अधिक सवारी भरकर बसों को चलाने वाले बस चालकों परिचालकों में कार्रवाई से दहशत बनी हुई है।

गुरूवार को दोपहर करीब 01 बजे रूपोंद रेलवे फाटक के नजदीक पत्थरों से भरे ट्रक व डम्फर को पकड़ा गया जिसकी भनक लगते ही ओवर लोड ( पत्थर से भरे) वाहनों के चालकों में खलबली मच गई। आरटीओ विभाग के अधिकारी संतोष पाल ने बताया कि ओवरलोड पत्थर भरकर परिवहन करने वाले एवं बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर बस चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**कटनी।** बड़वारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली किया गया है। पुलिस के अनुसार गत दिवस गश्त एवं अपराधियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम क्षेत्र के भ्रमण पर थी। गश्त के दौरान ग्राम भजिया के पनसोखर मोड़ के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली आता दिखाई दिया। ट्रॉली में ऊपर तक रेत भरी हुई थी। पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम पंकज चौधरी पिता स्वर्गीय अशोक चौधरी 23 वर्ष, निवासी ग्राम भजिया बताया। रेत परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहे जाने पर चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अवैध रूप से रेत परिवहन पाए जाने पर उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया तथा प्रकरण में धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि के.के. पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि विक्रम सिंह एवं प्रधान आरक्षक धरम सिंह उद्दे की भूमिका रही।

### विज्ञान विषयों के शिक्षकों के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी द्वारा विज्ञान विषयों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत भौतिकी विषय के लिए उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर, रसायन विषय के लिए वेंकटवार्ड तथा जीव विज्ञान विषय के लिए एन.के.जे. विद्यालय में सत्र संचालित किए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में प्रायोगिक कार्य को सुदृढ़ बनाना और विद्यार्थियों को विषय की गहराई एवं वास्तविक अनुभव से जोड़ना है। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात सभी विद्यालयों में प्रायोगिक कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु मॉनिटरिंग भी की जाएगी। साथ ही विज्ञान शिक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे विषय की प्रकृति के अनुरूप अध्यापन करें, जिससे विद्यार्थी विषय की अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझ सकें और उसका सौंदर्य अनुभव कर सकें। जिला शिक्षा अधिकारी कटनी राजेश अग्रहरी एवं डाइट के प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने संबंधित शिक्षकों को सुसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना के साथ-साथ विधिवत प्रायोगिक कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं।

### समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**कटनी।** नगर निगम में उपायुक्त शैलेश गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की ई-केवाईसी तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के जीवित प्रमाण पत्र (डीएलसी) संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया 13 जून तक पूर्ण की जानी है। उन्होंने वार्डवार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के पंजीकृत श्रमिकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित करें तथा कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के अंतर्गत अब तक कुल 1025 हितग्राहियों के जीवित प्रमाण पत्र तैयार किए जा चुके हैं। बैठक में सनद विश्वकर्मा, संजय चौधरी सहित सभी वार्डों के वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

25 हजार हैक्टेयर में होगी खरीफ सीजन की खेती, कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

# खरीफ सीजन की फसलों की बोवनी के लिये खेतों को किया जा रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्रीष्म कालीन मूंग -उड़द की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। 30 जून से आषाढ़ मास का आगाज हो जायेगा। ऐसे मे बहोरीबंद विकासखंड के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। खेती मै जैविक खाद डालने के साथ ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई का कार्य शुरू कर दिए है। कृषि विभाग के द्वारा विकासखंड मे 25 हजार हैक्टेयर लक्ष्य रखा है जिसमें 23 हजार हैक्टेयर मे धान की बोवनी होना है। विकासखंड मे बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विभाग ने किसानों को सलाह भी दी है। बीज बोनी से पूर्व खेत की अच्छे से तैयारी करें। बीजोपचार के बाद ही बीज की बोनी करें। 120-125 दिन की फसल लगाएं। ताकि दूसरी फसल का भी उत्पादन लिया जा सकें। खेतों में रासायनिक खाद की अपेक्षा प्राकृतिक खाद का ही उपयोग करें।

ग्रीष्म ऋतु में ही खेत की जुताई करना चाहिए। ताकि खेतों में मौजूद कीट, तीतली नष्ट हो जाते हैं। इसका फायदा किसानों को बाद में मिलता है। बाद में किसानों को कीटनाशक, खरपतवारनाशक दवाओं का उपयोग कम करना पड़ता है। जैविक खेती को बढ़ावा दें। रासायनिक खादों का उपयोग करने से जहां भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होती है। वहीं जैविक खेती से उर्वरा शक्ति बनी रहती है। जिसके लिए आवश्यक है कि प्राकृतिक रुप से तैयार खाद जैसे जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, वर्मीकम्पोस्ट, गोबर गैस स्लरी का ही अधिक से अधिक उपयोग करें। आवश्यकता होने पर ही रासायनिक का सीमित मात्रा में उपयोग करें।बीज बोनी से पूर्व किसानों को मिट्टी का परीक्षण कराना चाहिए।

कृषि विभाग किसानों के खेतों की मिट्टी का निशुल्क परीक्षण करता है। मिट्टी परीक्षण से भूमि में कौन-कौन से तत्वों की कमी है, कौन-कौन से तत्वों की मात्रा अधिक है, के बारे में पता लगाया जा सकता है।धान का बेहतर उत्पादन लेने के लिए पहले बीजोपचार करें। बीजोपचार करने से धान का बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। ट्राइकोडर्मा से भी बीज उपचारित कर सकते हैं। इसी तरह जैविक खेती के लिए भी बीजामृत से बीजोपचार किया जा सकता है। उपचारित बीज को कतार में बोने से नर्सरी अच्छी तैयार होती है।किसानों को बीज की बोवाई करने के दौरान सावधानी बरतने की विशेष आवश्यकता है। बोनी के बाद इस चीज का विशेष ध्यान रखा जाए कि बीज ऊपर तो नहीं है। बीज ऊपर होने से उसे पक्षी चुग लेंगे, वह अंकुरित नहीं हो पाएगा।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के तहत बहोरीबंद विकासखंड मे धान छिड़काव पद्वति से 8500 हैक्टेयर, धान लेयी पद्वति से 10 हजार हैक्टेयर, धान रोपा पद्वति से 9 हजार हैक्टेयर ओर धान डीएसआर पद्वति से 1 हजार हैक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया। धान के अलावा अरहर 1 हजार हैक्टेयर, कोदो 150 हैक्टेयर, कुदकी 100 हैक्टेयर,उडद 40 हैक्टेयर ओर मूंग 30 हैक्टेयर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसएडीओ अमर सिंह एमा का कहना है कि कृषि विभाग खरीफ फसल की तैयारी शुरु कर दी गई है। बीज बोने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही है। खेतों को तैयार किया जा रहा है। खरीफ फसल की तैयारियों के लिए किसानों को पहले खेत की अच्छे से तैयारी करना चाहिए। बीजोपचार करने के बाद ही बीज की बोनी करें। 120-125 दिन की फसल को ही लगाना चाहिए। निर्धारित समय पर कीटनाशक, खरपतवारनाशक दवाओं का उपयोग करें।



## आशा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

स्वास्थ्य सेवा में अहम जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर हुंकार भरी और देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर 21 हजार रुपए मानदेय देने की मांग की।

आशा एकता संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष हीरादेवी सिंह चन्देल के आह्वान पर ब्लाक अध्यक्ष साधना सिंह के नेतृत्व में और संघ के प्रदेश संरक्षक अमित पटेल की उपस्थिति में कटनी जिले के बरही नगर में आशा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। तहसील कार्यालय बरही पहुँच कर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया।

### ये है मुख्य मांग

सौपे गए ज्ञापन में गर्भवती शीघ्र पंजीयन की राशि 200 रुपए, शाला त्यागी बच्चों की मोबालाइजर राशि 100 रुपए, कुपोषित बच्चों की भर्ती उपरांत फॉलोअप की राशि 900 राशि जो बंद कर दी गई है, उसे दिलाने, वर्ष 2023 में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय में 1000 रुपए प्रतिवर्ष बढाने की घोषणा पर अमल करने, मद का बजट स्पष्ट करने, प्रत्येक माह का भुगतान एकमुश्त करने, सेवा समाप्ति के नोटिश पर पाबंदी लगाने, डिजिटल कार्य के लिए मोबाइल उपलब्ध कराने या नगद राशि जारी करने, अन्य विभागों में ड्यूटी न लगाने या फिर लगाने पर मानदेय देने, मातृत्व अवकाश का लाभ देकर राशि यथावत रखने, शीघ्र पंजीयन का राशि दिलाने, 04 एएनसी की राशि दिलाने आदि मांग शामिल है।

रैली और ज्ञापन के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग कर रहे है कि 6000 रुपए के मानदेय से उनका परिवार नही चलता, इसलिए 21 हजार रुपए मानदेय किया जाए।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं एवं कार्यों का किया अवलोकन

## एक्सपोजर विजिट में जनप्रतिनिधियों ने जाना कचरा प्रबंधन का आधुनिक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के सतत विकास, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा अमीरगंज स्थित एमएसडब्ल्यू कचरा प्रसंस्करण प्लांट का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, स्थानीय पार्षद विनोद लाला भट्टू, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, जय नारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, पार्षद शकुंतला सोनी, संजू जीवन चौधरी, रेखा संजय तिवारी, पूर्व पार्षद रचना गुप्ता, समाजसेवी श्रीमती सुनीता गुप्ता ने प्लांट में संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं एवं कार्यों का अवलोकन किया।

एक्सपोजर विजिट के दौरान जनप्रतिनिधियों को प्लांट में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि नगर से एकत्रित होने वाले कचरे को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उपयोगी संसाधनों में परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि स्वच्छता व्यवस्था भी अधिक प्रभावी बन रही है।

महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्लांट में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कचरा प्रबंधन से जुड़े तकनीकी पहलुओं को समझा तथा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता उतनी ही आवश्यक है जितनी प्रशासनिक व्यवस्थाएं।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए नागरिकों से भी कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

## हांका टीम ने आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई



नगर में नागरिकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका निगम कटनी द्वारा घुमंतू मवेशियों एवं आवारा श्वानों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की हांका गैंग लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को निगम की हांका टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों वार्ड क्रमांक 44 पी डब्ल्यू डी कालोनी, पटेल मार्केट, विश्राम बाबा गेट, बरगवां मुख्य मार्ग, कटाए घाट मोड आदि स्थलों में भ्रमण कर सड़क पर विचरण कर रहे 11 घुमंतू मवेशियों को पकड़ा जाकर सुरक्षित स्थल कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा गुरुनानक वार्ड स्थित बरही रोड़, मुख्य स्टेशन के पास सराय मोहल्ला सहित जालपा देवी वार्ड के 6 आवारा श्वानों को भी सुरक्षित रूप से पकड़कर एबीसी सेंटर भेजने की आवश्यक कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही का उद्देश्य नगर वासियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है।

## जिले में आज से लगेंगे जनकल्याण शिविर, पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 12 जून से 18 जून तक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर तीन दिवसीय "जनकल्याण शिविर" आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए आयुक्त नगर निगम तपस्या परिहार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शिविर के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर लंबित प्रकरणों को मौके पर ही निपटाया जाएगा। इसके साथ ही पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण भी शिविर के दौरान किया जाएगा। इन शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी

जनकल्याण शिविर में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य जन शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। शिविरों में योजनाओं की प्रदर्शनी, हितग्राही संवाद, सफलता की कहानियों का प्रस्तुतीकरण एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी।

शिविर की शुरुआत 12 जून से बडवारा जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में होगी, जो 15 जून तक संचालित रहेगा। इसके बाद, 13 से 16 जून तक जनपद पंचायत रीठी और बहोरीबंद के कार्यालय परिसरों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि नगर परिषद बरही कार्यालय में 14 से 16 जून के बीच शिविर लगेगा।

कार्यक्रम के अगले चरण में 15 से 18 जून तक नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा और 15 से 17 जून तक नगर परिषद कैमोर में यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। अंतिम चरण में 16 से 18 जून तक जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा (मंगल भवन), नगर परिषद विजयराघवगढ़ और जनपद पंचायत कटनी (ग्राम पंचायत पहाड़ी) में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी के सभाकक्ष मे वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. टी आर शर्मा , संचालक विस्तार सेवाएं, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ,ने की एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन के मार्ग निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक के आरंभ में डॉ संजय वैशंपायन ,वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा सभी आंगतुकों का स्वागत किया।

डॉ आर के मिश्रा दवारा कृषि विज्ञान केन्द्र की विगत वर्ष 2025-26 की उपलब्धियॉ एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

## प्राकृतिक खेती के लिये प्रोत्साहन, मिट्टी की जांच एवं कृषि विकास का दिया सुझाव



इस अवसर पर कल 38 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें उपसंचालक कृषि श्रीमती अनुरिमा सेन, सहायक संचालक कृषि डॉ आर एन पेटल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक , डॉ आर के मिश्रा ,डॉ शशि गौर, डॉ आर पी बेन, डॉ के पी द्विवेदी एवं श्रीमती प्रियंका धुर्वे उपस्थित थे।

, कृषि अभियंत्री विभाग से कृति पांडे ,नाबार्ड से विकाश जैन साथ में जिले के एनजीओ के सचिव निर्भय सिंह एवं समस्त अधिकारी उपस्थित थे ,वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ टी आर शर्मा ने जिले में मौसम के अनुसार खरीफ की खेती करने एवं प्राकृतिक खेती पर जोर दिया और कहां जिले में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण किए जाएं और किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहन किया जाए और उनकी मिट्टी की जांच हेतु व्यवस्था की जाए , और जिले में कृषि के विकास में वैज्ञानिक खेती पैर जोर दिया जाये,साथ ही डॉ टी आर शर्मा ने भी कृषि के विकास हेतु सुझाव दिया।

कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि ने धान की उन्नत प्रजातियां एवं प्राकतिक खेती पर जोर देने के लिए अपने विचार व्यक्त किये । वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ आर पी बैन ने किया एवं आभार व्यक्त डॉ के पी दिवेदी ने किया।

इस बैठक में विभिन्न ग्रामों के प्रगतिशील कृषक हीरामणि हल्दकार ग्राम बडा, मिथलेश हल्दकार ग्राम इमलिया एवं अमृतलाल चौधरी और भी विभिन्न ग्रामो के प्रगतिशील किसान उपस्थित हुए।

निगम विद्यालयों में 'प्रतिभा शिविर' के माध्यम से तराशी जा रही भावी पीढ़ी

## प्रतिभा शिविर में व्यक्तित्व विकास की नई इबारत लिख रहे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्रीष्मकालीन अवकाश को 'अवकाश' न मानकर 'अवसर' में परिवर्तित करने के संकल्प को लेकर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर 2026 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम सिद्ध हो रहा है। निगम के तीन प्रमुख विद्यालयों में 15 जून 2026 तक आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं की उत्साहजनक सहभागिता निगम प्रशासन की सफलता का द्योतक है।

निगम प्रशासन का स्पष्ट अभिमत है कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई अंतर्निहित प्रतिभा अवश्य होती है, आवश्यकता है उसे पहचानकर उचित दिशा एवं मंच प्रदान करने की। इसी दूरदर्शी सोच के साथ ग्रीष्मावकाश की अवधि का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को खेल, कला, संगीत, संस्कृति एवं जीवन-कौशल के विविध आयामों से जोड़ने हेतु इस 11 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर का संचालन नगर निगम के साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के.सी.एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ए. रवीन्द्रनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्ण व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः कालीन सत्र में विषय-विशेषज्ञों एवं राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

शिविर के छठवें दिवस भी प्रशिक्षण सत्रों में विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर रहा। प्रथम वर्ग के तहत साधुराम स्कूल में खेल एवं शारीरिक दक्षता संवर्धन की गतिविधियों में प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में स्केटिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी एवं टेबल टेनिस जैसी खेल विधाओं का गहन अभ्यास कराया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं शारीरिक सुदृढ़ता का विकास करना है। जबकि के सी एस स्कूल में सृजनात्मक एवं बौद्धिक कौशल विकास की विभिन्न विधाओं पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा कुकिंग के सत्रों में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता को मूर्त रूप दिया। शतरंज के प्रशिक्षण के माध्यम से उनमें तार्किक क्षमता एवं रणनीतिक चिंतन का विकास किया जा रहा है। सेल्फ डिफेंस के विशेष सत्र बालिकाओं में आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास जागृत कर रहे हैं। वही ए रविंद्र राव स्कूल में संगीत एवं सांस्कृतिक अभिरुचि संवर्धन अंतर्गत कत्थक, वेस्टर्न डांस, क्लासिकल म्यूजिक, गायन एवं वादन के प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं कलाओं से जोड़ते हुए उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को निखारा जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक विधा हेतु ख्यातिलब्ध प्रशिक्षकों की सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की रहे।

शिविर में सहभागी विद्यार्थियों में नई विधाओं को सीखने के प्रति असाधारण जिज्ञासा और उत्सुकता दृष्टिगोचर हो रही है। प्रशिक्षकों के अनुसार नियमित अभ्यास से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि, व्यवहार में अनुशासन तथा व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

## सिकमी किरायेदारी पर लगाम लगाने ननि चलायेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के विकास कार्यों को और अधिक गति देने तथा निगम की आय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगम स्वामित्व की दुकानों के वास्तविक आवंटियों द्वारा ही मौके पर व्यवसाय किए जाने के संबंध में परीक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने इस संबंध में विगत दिवस आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बाजार शाखा को निगम स्वामित्व की दुकानों के वास्तविक आवंटियों एवं सिकमी किरायेदारों की पहचान करने के साथ ही बकाया किराया वसूली एवं नए अनुबंध निष्पादित कराने की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करने के निर्देश दिए है।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लंबे समय से अनेक निगम स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध निष्पादित नहीं होने के कारण निगम को अपेक्षित राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा था। अब दुकानों के नए अनुबंध किए जाने से निगम की आय में वृद्धि होगी, जिससे शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि यह पहल केवल राजस्व वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि निगम संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। नए अनुबंधों के माध्यम से वास्तविक किरायेदारों की पहचान सुनिश्चित होगी, नियम विरुद्ध सिकमी एवं उप-किरायेदारी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा तथा दुकानों के अवैध क्रय-विक्रय जैसी गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

खास बातें

### बम्हौरी पांजी में आज आयोजित होंगे ब्लॉक स्तरीय जन कल्याण शिविर

**दमोह**। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे बताया कि आज 12 जून को सुबह 10 बजे से जबेरा विकासखंड के नोहटा एवं तेंदूखेड़ा विकासखंड के बम्हौरी पांजी में ब्लॉक स्तरीय जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि शिविरों में संबंधित ब्लॉक एवं नगरीय निकाय स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। साथ ही जिले के समस्त जिला अधिकारियों को निर्धारित समयानुसार नोहटा एवं तेंदूखेड़ा में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### मोदी सरकार के फैसलों ने बदली देश की दिशा और दशा : राज्यमंत्री लखन पटेल

**दमोह**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम झागर में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने विशेष रूप से हर घर नल से जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के कारण विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के लंबे सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम से पूर्व राज्यमंत्री ने ग्राम झागर पहुंचकर भगवान गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की।

सभी आदेश स्पष्ट, गुणवत्तापूर्ण और ''स्पीकिंग ऑर्डर'' के रूप में जारी किए जाएं, ताकि किसान और भू-स्वामी आसानी से निर्णय समझ सकें- कलेक्टर

# सीमांकन और नामांतरण प्रकरणों में पहले आवेदन, पहले निराकरण

### राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक संपन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जनसुनवाई में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हो रही हैं, जिनमें सीमांकन प्रकरण प्रमुख हैं। नागरिकों द्वारा सीमांकन नहीं होने, गलत सीमांकन किए जाने, आदेश की कॉपी और फील्ड बुक उपलब्ध नहीं कराने जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इन समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद सीएम हेल्पलाइन में दर्ज निराकरण कई मामलों में तथ्यों से परे पाए गए। इसके बाद तहसीलदार और नायब तहसीलदारों द्वारा आरसीएमएस (RCMS) पोर्टल पर अपलोड किए गए आदेशों की जांच कराई गई। इस आशय की बात कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद रही।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले के 18 न्यायालयों के आदेशों का रैंडम परीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर त्रुटियां सामने आईं। कई मामलों में केवल प्रपत्र अपलोड कर दिए गए थे, जबकि आदेश संलग्न नहीं थे। कुछ आदेशों में गलत दस्तावेज अपलोड पाए गए और कई आदेश मात्र दो पंक्तियों में बिना पर्याप्त कारण दर्ज किए निरस्त कर दिए गए थे। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आदेशों की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए और सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि गलत तथ्यों के आधार पर आवेदन निरस्त करने से आम नागरिक और किसान अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं। बैठक के दौरान प्रत्येक तहसील और न्यायालय के त्रुटिपूर्ण आदेशों को अधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि कार्यप्रणाली में गंभीर कमियां रह गई थीं। सीमांकन संबंधी मामलों के निराकरण को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने सभी राजस्व निरीक्षकों की अलग से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक अधिकारी से सीमांकन प्रकरणों की स्थिति पूछी और लंबित मामलों के कारणों की जानकारी ली। उन्होने कहा कि किसानों और भू-स्वामियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा तथा राजस्व मामलों के निराकरण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले में करोड़ों रुपये की रोवर मशीन होने के बावजूद उसका उपयोग केवल सात सीमांकन मामलों में किए जाने पर नाराज़गी जताई। उन्होने कहा मशीन की क्षमता प्रतिदिन तीन से चार सीमांकन करने की है, लेकिन एक साल में इसका बेहद कम उपयोग किया गया, जबकि जिले में सैकड़ों सीमांकन प्रकरण लंबित हैं। अब सभी तहसीलों के लिए रोस्टर तैयार किया जाएगा और रोवर मशीन को एक-एक सप्ताह के लिए तहसीलों में उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि लंबित मामलों का तेजी से निराकरण हो सके। उन्होने कहा सीमांकन और नामांतरण प्रकरणों में "पहले आवेदन, पहले निराकरण" की व्यवस्था लागू होगी। पुराने लंबित आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी और मनमाने तरीके से मामलों का निपटारा नहीं किया जाएगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आदेश स्पष्ट, गुणवत्तापूर्ण और "स्पीकिंग ऑर्डर" के रूप में जारी किए जाएं, ताकि किसान और भू-स्वामी आसानी से निर्णय समझ सकें।

**फील्ड विजिट करे अधिकारी**

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम को नियमित फील्ड विजिट करने, स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास और अन्य सरकारी संस्थानों का निरीक्षण करने तथा कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई और हल्का निवारण शिविरों के प्रभावी संचालन पर भी जोर दिया। उन्होने चेतावनी दी कि समय पर कार्य नहीं करने वाले पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ प्रस्ताव बनाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने साफ कहा है कि तहसीलों और राजस्व कार्यालयों का लगातार निरीक्षण होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आचार्य हरे कृष्ण दास ने सुनाए पृथु, प्रह्लाद चरित्र के प्रसंग, मनाया नरसिंह प्राकट्य उत्सव

**दमोह**। शहर के धगट चौराहा स्थित राजा मैरिज हॉल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महायज्ञ का मंगलवार को तृतीय दिवस बुधवार को संपन्न हुआ.यह कथा 8 जून से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलेगी. कथा का आयोजन गौड़ीय परंपरा के विशुद्ध संत नित्य लीला प्रविष्ट गुरुदेव श्री चक्रधर प्रसाद ब्रह्मचारी जी महाराज के कृपा आशीर्वाद से वर्तमान आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के तत्वावधान में हो रहा है.तृतीय दिवस के प्रसंग में पूज्य आचार्य ने श्रीमद् भागवत के पृथु चरित्र, पुरंजनोपाख्यान, महाराज प्रियव्रत, ऋषभदेव व जड़ भरत जी के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया. अंत में भगवान नरसिंह देव का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। प्रह्लाद महाराज के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का भजन बाल्यकाल से ही करना चाहिए क्योंकि वृद्धावस्था में भजन कर पाना दुष्कर होता है. जैसे हम भगवान को खिला हुआ सुंदर पुष्प चढ़ाते हैं, वैसे ही मनुष्य शरीर की खिली हुई उम्र में ही भगवान का भजन करना चाहिए. भगवान नरसिंह देव का प्राकट्य इस बात का प्रमाण है कि भगवान भक्त के अधीन हैं और भक्त के स्मरण से स्तंभ से भी प्रकट हो सकते हैं।

### 31 विभाग के अधिकारियों को मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन की जिले में मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में 31 विभागों के अधिकारियों यथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हलधर मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद पटेल, मनीष बागरी, के.के पांडे, नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ठाकुर, उपसंचालक कृषि दमोह ग्यारसी लाल अहिरवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, प्रभारी मंडी सचिव कैलाश चंद कुशवाहा, महाप्रबंधक केंद्रीय सहकारी बैंक अभिषेक मोहन व्यास, कार्यालय अधीक्षक कलेक्ट्रेट भारत कुमार प्रधान, कनिष्ट अभियंता सपनेश धुर्वे, रीजनल मैनेजर आईसीआईसीआई बैंक नितिन नेमा, मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक सतीश चंद्र दीक्षित, आंचलिक मैनेजर रमेश कुमार, रीजनल मैनेजर वित्त विभाग समीर कुमार, रंजन मिश्रा, आशीष सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार अठ्या, तहसीलदार तत्कालीन सोनम पांडे, प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास पूजा मरावी, उपसंचालक पशुपधन व कुक्कुट डॉ. बी.के असाटी शामिल है।

## आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**दमोह**। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में 11 जून को आपदा प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ राहत व्यवस्थाओं को लेकर समस्त विभागों की समीक्षा बैठक डिप्टी कलेक्टर आर.एल बागरी की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे संभावित आपदा से निपटने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर 15 जून के पूर्व जिला कार्यालय की राहत शाखा में प्रस्तुत करें। बैठक में जनपद पंचायतों एवं नगरपालिका/नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहाँ बाढ़ राहत शिविरों की आवश्यकता संभावित है, वहाँ पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ एवं संसाधन सुनिश्चित किए जाएँ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकें। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए कि ऐसे हैंडपंपों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें, जहाँ जलभराव की संभावना हो, ताकि दूषित जल एवं बीमारियों के फैलाव से बचाव किया जा सके। बैठक में अन्य समस्त विभागों को भी अपने-अपने स्तर पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जिससे संभावित बाढ़ अथवा अन्य आपदाओं की स्थिति में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें।

## तिमाही लक्ष्य तय कर करें ऋण स्वीकृति, अंतिम समय के दबाव से बचें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी बैंकर्स, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में शासकीय योजनाओं के तहत स्वरोजगार, ऋण वितरण, बैंकिंग सेवाओं तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि बेरोजगार युवाओं, स्वरोजगार के इच्छुक हितग्राहियों और पात्र आवेदकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर ऋण स्वीकृत किए जाएं, ताकि हितग्राही अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें तथा जिले के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**सीएम हेल्पलाइन मामलों में लापरवाही पर जताई नाराजगी**

बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा में कई गंभीर तथ्य सामने आए। कलेक्टर ने पाया कि बैंकों से संबंधित 24 आवेदन ऐसे थे जिन्हें संबंधित बैंक अधिकारियों ने खोला तक नहीं था। इस स्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंकर्स को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना सभी विभागों और बैंकों की जिम्मेदारी है। बैंकिंग शिकायतों में वृद्धि रोकने और लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

**तिमाही आधार पर लक्ष्य पूरे करने की सलाह**

कलेक्टर ने बैंकर्स को सलाह दी कि वे अपने वार्षिक लक्ष्यों को तिमाही आधार पर विभाजित करें और प्रत्येक तिमाही में निर्धारित अनुपात के अनुसार ऋण स्वीकृत करें। इससे वर्ष के अंतिम महीनों में कार्यभार का दबाव कम होगा और हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को बैंक अपनी प्राथमिकता मानें और योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### बैंकर्स शासन की योजनाओं को प्राथमिकता दे - कलेक्टर

**दमोह**। जिले के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के समस्त बैंकर्स की समीक्षा बैठक लेकर शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण स्वीकृत किया जाए, ताकि आकांक्षी युवा एवं स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक लोग आत्मनिर्भर बन सकें और क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि वार्षिक लक्ष्यों को तिमाही आधार पर विभाजित कर नियमित रूप से प्रकरण स्वीकृत किए जाएं, जिससे बैंकर्स पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ेगा और हितग्राहियों को समय पर राहत मिल सकेगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बैंकर्स की लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि 24 आवेदन ऐसे पाए गए जिन्हें बैंकर्स द्वारा खोला तक नहीं गया था। इस पर सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति निर्मित न हो तथा सभी शिकायतों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकताओं को बैंकर्स अपनी प्राथमिकता बनाएं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिले को दिए गए लक्ष्य 100 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिए गए हैं। इस उपलब्धि पर उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को बधाई दी। साथ ही पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की सराहना भी की गई।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**हटा**। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा हटा द्वारा आज बुधवार को प्रांतीय अध्यक्ष के आवाहन पर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पेंशनर की लंबित मांगों का उल्लेख किया गया। पेंशनरों द्वारा ज्ञापन में उल्लेख कर मांग की गई कि एरियर का भुगतान किया जाए, सरकार की घोषणा के तुरंत बाद महंगाई भत्ता देने, बीमा योजना के तहत पेंशनरों को मुक्त रखने, वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों को तत्काल दिए जाने सहित अन्य मांगें पूर्ण की जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष जवाहर राय, रूप सिंह राजपूत, प्रमोद पटेरिया, राजेंद्र सिंह चौहान, पीएल उपाध्याय, गोपीलाल तंतुवाय सहित पेंशनरों सैकडो की उपस्थिति रही।

## सीतानगर में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़**। ग्राम सीतानगर में अधिक मास के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यात्रा गांव की खेर माता एवं अन्य प्रमुख देवालयों तक पहुंची। कथा व्यास इच्छाधारी गुरु (अयोध्या धाम) ने श्रद्धालुओं को अधिक मास का महत्व बताते हुए कहा कि यह पवित्र माह लगभग तीन वर्ष में एक बार आता है, इसलिए इसे विशेष पुण्यदायी माना जाता है। उन्होंने कहा कि जहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां सभी तीर्थ, संत और देवताओं का वास माना जाता है। कथा के दौरान भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया तथा श्रद्धालुओं को कथा श्रवण के महत्व से अवगत कराया। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# जैन मिलन की प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला संपन्न

### भारतीय जैन मिलन इस वर्ष को मना रहा है 'जैन सम्राट गौरव वर्ष' के रूप में: अतिवीर कमलेन्द्र जैन जैन मिलन दमोह के पदाधिकारी कार्यशाला में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-10 की प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन मोती नगर, सागर स्थित आदर्श गार्डन में किया गया। जिसमें जैन मिलन दमोह के पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न नगरों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर कमलेन्द्र जैन, अति विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इंजी. आर.के.जैन, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर अरुण चंदेरिया एवं राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर यू.सी. जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीरांगना कविता ऋषभ जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर मंच पर क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर संजय जैन 'शक्कर', क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर अतिवीर ऋषभ जैन, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर दिलेश चौधरी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर मनीष जैन विद्यार्थी, अतिवीर संजीव जैन दिवाकर, क्षेत्रीय मंत्री वीर जिनेश जैन बहरोल, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अतिवीर प्रमोद जैन भायजी, क्षेत्रीय महिला चेयरपर्सन वीरांगना ममता प्रमोद जी जैन, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक वीर सवन जैन 'सिल्वर' एवं क्षेत्रीय मुख्य संयोजिका वीरांगना रश्मि आनंद जैन गरिमापूर्ण उपस्थिति में मंचासीन रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन वीर जिनेश जैन बहरोल एवं वीरांगना ममता प्रमोद जी जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्षेत्रीय मंत्री जिनेश जैन बहरोल ने संस्था का प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा और क्षेत्रीय अध्यक्ष कविता ऋषभ जैन ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में नवगठित कार्यकारिणी और विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इसके साथ ही, क्षेत्र क्रमांक-10 की क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी इस अवसर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। संगठन को सुचारू और प्रभावी ढंग से चलाने के लिए कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वान वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन और व्याख्यान दिए गए। शाखा की कार्यपद्धति विषय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कविता ऋषभ जैन ने विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक का महत्व और प्रोसिडिंग लेखन विषय पर क्षेत्रीय मंत्री जिनेश जैन बहरोल ने बताया कि बैठक की प्रोसिडिंग को व्यवस्थित रूप से कैसे लिपिबद्ध किया जाए।

**मीडिया और जनसंपर्क , 'मीडिया में न्यूज कैसे दें' विषय पर क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलेश जी चौधरी ने व्यावहारिक गुर सिखाए**

: राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अरुण चंदेरिया ने समझाया कि किसी भी बड़े कार्यक्रम का आयोजन करते समय किन-किन बारीकियों और सावधानियों का ध्यान रखना आवश्यक है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. आर.के.जैन ने जैन मिलन के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय आयोजनों के महत्व और दूरगामी परिणामों पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर कमलेन्द्र जी जैन ने देश भर में भारतीय जैन मिलन द्वारा समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा: भारतीय जैन मिलन द्वारा इस वर्ष को पूरे देश में 'जैन सम्राट गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। हमें अपनी प्राचीन और समृद्ध संस्कृति पर अत्यंत गौरव होना चाहिए। हमारे सभी 24 जैन तीर्थंकर राजा और महाराजा थे, जिन्होंने संसार को त्याग कर आत्म-कल्याण का मार्ग दिखाया। इनके अतिरिक्त भी भारतवर्ष के गौरवशाली इतिहास में ऐसे कई महान जैन सम्राट हुए हैं, जिन्होंने देश की सीमाओं और संस्कृति की रक्षा की। हमें उनका गौरवपूर्वक स्मरण करना चाहिए और उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों, सहयोगियों और पत्रकार बंधुओं का क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय जैन 'शक्कर' द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### पटेरा शाखा करेगी वार्षिक अधिवेशन



श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर को वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई जिसे शाखा के सदस्यों ने स्वीकार किया। मंच पर शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों का सम्मान मंचासीन अतिथियों ने किया। इस अवसर पर शाखा से क्षेत्रीय नियोजक नरेन्द्र बजाज, अध्यक्ष राजेन्द्र राही, मंत्री राजेन्द्र बजाज, कोषाध्यक्ष नीलेश सराफ, सह प्रचार मंत्री पंकज जैन, उपाध्यक्ष कोमलचंद जैन शामिल थे। सभी ने वर्कशाप में जानकारी संकलित की।

## अच्छे संस्कारों की कीमत अनमोल होती है : कथावाचक



**हिंडोरिया**। खैया मोहल्ला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक ने समुद्र मंथन ,वामन अवतार, प्रभु श्री राम का जन्म चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया । नासिक महाराष्ट्र से आए कथावाचक शास्त्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा ने कहा की अच्छे संस्कारों की कीमत अनमोल होती है ।धन दौलत शिक्षा तो कहीं भी कमाई जा सकती है लेकिन अच्छे संस्कार ही मनुष्य को सच्चा इंसान बनाते हैं ।यही संस्कार हर जगह मान सम्मान और सफलता दिलाते हैं। संस्कारी व्यक्ति का स्वभाव ऐसा होता है ,कि वह हर जगह है अपना एक अलग प्रभाव छोड़ता है ।कटुता और अहंकार के स्थान पर विनम्रता का भाव उसे सबसे अलग बनाता है ।अच्छे संस्कार परिवार को जोड़कर रखते हैं। बड़ों का आशीर्वाद और छोटों का स्नेह यही संस्कार की असली कमाई है ।कथा और सत्संग हमें यही सिखाते हैं कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसके द्वारा अर्जित किए गए अच्छे कर्म और संस्कार ही हैं। उन्होंने आगे समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि अमृत पाने की इच्छा से देवताओं और असुरों ने मिलकर वासुकी नाम को रस्सी और मंदार पर्वत को मथनी बनाया ।समुद्र मंथन में सबसे पहले हलाहल विष निकला उसका प्रभाव इतना भयंकर था कि तीनों लोगों में हाहाकार मच गया ।तब भगवान शिव ने वह विष अपने कंठ में धारण कर लिया और वह नीलकंठ कहलाए। इसके बाद अनेक रत्न निकले अंत में अमृत कलश निकला अमृत को देखकर देवता और असुर आपस में लड़ने लगे तब भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान करवाया। इसके उपरांत उन्होंने श्री राम जन्म की कथा सुनाई और सूर्यवंशी राजाओं का विस्तार से वर्णन किया और भगवान की मर्यादा का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य को संसार में रहते हुए ईश्वर का भजन करना चाहिए और अपनी मर्यादाओं का पालन करना चाहिए और इसके बाद श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया और पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जय घोषों से गूंज उठा ।उक्त अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती विद्यारानी राम चरण चौरसिया, राम भरोस चौरसिया, मदन ,जमुना, ताराचंद ,पंकज ,पूजा, राहुल, रक्षा चौरसिया ,सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## खास बातें

### नामदेव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 17 जून को

**दमोह।** नामदेव समाज जिला दमोह द्वारा आगामी 17 जून 2026, बुधवार को दोपहर 12 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम सभागार, तीन गुल्ली दमोह में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नामदेव समाज जिलाध्यक्ष राजकुमार राजू नामदेव ने बताया कि यह कार्यक्रम उन मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने हाल ही में घोषित कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है। आदर्श नामदेव समाज (दमोह) द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### धन में, उम्र में, बल में बड़ा होना बड़ी बात नहीं है, वेद का ज्ञान होना बड़ी बात है - परम पूज्य की भाई जी महाराज

**रनेह।** नल दमयंती की पावन धरा रनेह में श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार में रात्रि कालीन मधुर बेला में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास श्री रामनुग्रह श्री रामानुजाचार्य परमपूज्य गुरु राकेश भाई जी महाराज बड़ामलहरा ने अपनी समधुर वाणी में व्यास पीठ से श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि धन में, उम्र में, बल में बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं है। नेमीशरण्य में 88000 देवता विराजमान है इन देवताओं ने सोनकजी से प्रश्न किया कि हम लोग इस निर्जल जंगल में भागवत सुनने बैठे हैं मगर कथा सुनने यहां कोई नहीं है श्रोता तो यहां आ गए मगर सुनने वाले गुरुदेव भगवान तो है ही नहीं तब सोनकजी ने कहा यह भगवान की कथा है, बिना भगवान की कृपा के संभव नहीं है, हम और आप कुछ भी सोचें, कुछ नहीं होता जो होगा भगवान की कृपा से होगा। रनेह एवं क्षेत्र वासियों को भगवान की कृपा से सौभाग्य प्राप्त होना था तो पुरुषोत्तम मास में कथा सुनने मिली। महात्माओं ने सोनक जी से पूछा भगवान की कृपा कैसे होगी, भगवान की कृपा कीर्तन से मिलती है। महात्माओं ने कीर्तन करना प्रारंभ किया गुरुदेव भगवान की कृपा से सूद जी महाराज प्रकट हो गए। श्री महाराज ने श्रोताओं को सुनाया की श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान और विवेक को देने वाली है। हम और आप अज्ञानता में फंसे हैं। अपना मन प्रभु की भक्ति में लगाएं और प्रभु की कृपा कीर्तन से होती है आप किसी तीर्थ जाएं या ना जाएं मगर सत्संग में जरूर जाएं, हर जगह भगवान है। श्री महाराज ने आगे सनत सनातन सनंदन सनत कुमार नारद जी को एक सेकंड से अधिक न रुकने का श्राप के साथ दक्ष प्रजापति भक्ति के साथ ही वृंदावन नगरी की विशेषताओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। व्यास जी ने बताया श्रीमद् भागवत कथा 17 वेद चार पुराण छह शास्त्रों में श्रेष्ठ है भागवत कथा दीपक की तरह है जो हर जगह प्रकाश करती है श्रीमद् भागवत कथा यजमानों ने पवन पुरुषोत्तम मास में चल रही कथा का सभी धर्म प्रेमियों से रसपान करने की अपील की है।

## गैसाबाद थाना क्षेत्र के हरदुआ इटवा रोड पर हुई घटना

# अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार दंपत्ति, पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

अनुविभाग के गैसाबाद थाना के हरदुआ गांव के पास गुरुवार दोपहर बाइक से जा रहे पति-पत्नी सड़क हदासे में घायल हो गए दोनों को गंभीर हालत में हटा सिविल अस्पताल लाया गया जहां पत्नी की मौत हो गई वहीं पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार राजकुमार नामदेव उम्र 40 वर्ष निवासी घटनवारा थाना गुन्नौर जिला पन्ना अपनी पत्नी कल्पना नामदेव 35 को लेकर बाइक से हटा के मुहरई गांव रिश्तेदारी में आया था। गुरुवार दोपहर घर वापस जाते समय हरदुआ गांव के समीप अचानक सड़क पर सांप आ गया जिसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और पति पत्नी दोनों गिरकर घायल हो गए जहां घटना में कल्पना नामदेव के सिर में गंभीर चोट आई वहीं पति राजकुमार को मामूली चोटें आई। घटना उपरांत आसपास के स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल निजी वाहन द्वारा सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां परीक्षण उपरांत डॉक्टरों ने घायल कल्पना को मृत घोषित कर दिया। एवं राजकुमार नामदेव को मामूली चोटें आई से अस्पताल में इलाज किया गया।

घटना की सूचना मिलने पर गैसाबाद थाना के प्रधान आरक्षक तुलसीराम पटैल व आरक्षक संदीप कुर्मी ने अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## ओवरब्रिज पर आयल से सिलिप होकर गिरे बाइक सवार

**दमोह।** नौतपा के बाद गर्मी का दौर बदस्तूर जारी रहने से लोग हलाकान है, सुबह से शाम 6 बजे तक झुलसाने वाली तेज धूप मैं लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल है वही वाहनों का आईल लीक होकर सड़क पर फैलकर हादसों की वजह बन रहा है। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच दमोह के पथरिया फाटक रेल लाइन के ऊपर बाबा साहेब अम्बेडकर ओवरब्रिज पर गुरुवार को एक ट्रैक्टर का ऑयल गिरने के बाद सड़क पर फेल कर हादसों का कारण बनता रहा। इस दौरान अनेक बाइक सवार फिसल कर गिरते रहे इनके कपड़े खराब होते रहे हाथ पैरों में भी चोट लगती रही। इस दौरान यहां से निकल रहे समाजसेवी मोंटी रैकवार ने पुलिस प्रशासन को सूचना देकर तथा सड़क पर फैले ऑयल पर मिट्टी डालकर सेवा भावी प्रयास करने के साथ लोगों को गिरने से बचाया। मोंटी ने बताया कि अज्ञात टेक्ट्र चालक के द्वारा जानबूझकर आयल डाला गया है। जिसमें दमोह के 04 पटवारी जो बटियागढ से वापस दमोह आ रहें थे। उनकी गाड़ी फिसलने से वह घायल हुए हैं। इसके अलावा अनेक अन्य मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही भाजपा नेता मोंटी रायकवार, पलंदी चौराहा माझी समाज के अध्यक्ष राजकुमार रायकवार, अरूण रायकवार, साहिल रायकवार, अमर रायकवार ने मौका पर पहुंचे और लोगों को सावधानी से निकाला और ओवरब्रिज पर मिट्टी डाली गई तब राहत की खबर ली। एसडीएम दमोह को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, घटना की जानकारी जब दमोह सीएसपी एच आर पांडेय को दी गई तो तत्काल ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार दल-बल के साथ ओवरब्रिज पहुंचे।



## भैंसों को पानी पिलाने गए भाई बहन तलैया में डूबे, बहन की मौत



**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सैलवाड़ा गांव में भैंसों को पानी पिलाने गए दो सगे भाई, बहन एक तलैया में डूब गए स्थानीय लोगों ने दोनों को पानी में डूबता हुआ देखा तो उन्हें पानी से बाहर निकाला और इलाज के लिए तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बहन को डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया है वही भाई सुरक्षित है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सैलवाडा निवासी अनिल यादव की 11वर्षीय बेटी, गत्तू यादव और 6 वर्षीय बेटा श्रेयांस घर की भैंसों को पानी पिलाने के लिए गांव के बाहर सड़क किनारे खुदी तिवारी की तलैया में लेकर गए थे। भैंसे पानी पी रही थी इसी दौरान दोनों भाई-बहन पानी में नहाने के लिए चले गए और पानी में डूबने लगे। तभी स्थानीय लोगों ने बच्चों को पानी में डूबता हुआ देखा तो तत्काल उन्हें बचाने पहुंचे और परिजनों को सूचना दी गई। कुछ लोग तलैया में कूदे और पानी में जाकर दोनों भाई-बहन को पानी से बाहर निकालकर इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जानकारी लगते ही घर के लोग भी तेंदूखेड़ा अस्पताल पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बेटी गत्तू को मृत घोषित कर दिया है। जबकि बेटे श्रेयांश की हालत ठीक है बेटी गत्तू कक्षा सातवीं में पढ़ती थी और बेटा दूसरी कक्षा का छात्र है। बेटी की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका कहना है कि बच्चे तो वहां पर खेलने के लिए गए थे, लेकिन पता नहीं कैसे पानी में डूब गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले को में जांच शुरू कर दी है।

**तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के सेलवाड़ा गांव की घटना पुलिस जांच में जुटी**

### भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों का समय बदला

**दमोह।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए छात्रहित में जिला प्रशासन द्वारा सभी शासकीय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई एवं अशासकीय विद्यालयों के संचालन का समय 12 जून 2026 से प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। आदेश का उद्देश्य विद्यार्थियों को गर्मी से राहत प्रदान करना है।

### विधायक जयंत मलैया ने किया समाजसेवी नागरिकों से संवाद

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज दमोह विधायक जयंत मलैया ने बांदकपुर मण्डल के विभिन्न प्रतिष्ठित नागरिकों से भेंट की संवाद कर उनका सम्मान किया। इस दौरान विधायक जयंत मलैया ने विजय सिंह, रामदयाल प्रजापति, रामप्रकाश नेमा, पं नवीन नायक, सीताराम याद्वव, नन्हे सिंह/खेत सिंह, एवं नन्हे सिंह से भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल प्रभारी महेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश लोधी, सिकेंदर गुप्ता, सरपंच सुनील डबुल्या, अभिलाष हजारी, पप्पू सिंह लोधी जनपद सदस्य, करन चौबे, साथ रहे।

## सीतानगर बड़ीशाला मंदिर से श्री राम-जानकी की मूर्ति गायब, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिले के सीतानगर बड़ीशाला स्थित श्री देव राम कुमार मंदिर ट्रस्ट से भगवान राम-जानकी की प्रतिमा गायब होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जगदीश मंदिर गढ़ाकोटा महामंडलेश्वर महंत हरिदास महाराज ने पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार, जब आवेदक मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर परिसर में स्थापित श्रीराम-जानकी की प्रतिमा अपने स्थान पर नहीं थी। उक्त प्रतिमा जानकारों अनुसार सोने की थी। प्रतिमा के साथ मौजूद श्रृंगार और आभूषण भी गायब बताए जा रहे हैं। इससे मंदिर श्रद्धालुओं में चिंता और आक्रोश का माहौल है।



आवेदन में आरोप लगाया गया है कि अस्थाई रूप से मंदिर की देखरेख कर रहे संतोष दास बिल्थरे ने प्रतिमा को कहीं हटा दिया गया है या फिर अवैध रूप से बेच दिया गया हो सकता है। आवेदक ने यह भी उल्लेख किया है कि प्राण-प्रतिष्ठित मूर्ति को बिना उचित प्रक्रिया मंदिर से बाहर ले जाना नियमों के विरुद्ध है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसके पूर्व भी वर्तमान सेवादार व्यक्ति के समय श्रीराम की बेशकीमती मूर्ति चोरी हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द मूर्ति की बरामदगी सुनिश्चित की जाए।

## एकादशी व्रत भगवान की प्रसन्नता के लिए किया जाता-आचार्य श्री हरे कृष्ण दास

**दमोह.** शहर के धगट चौराहे पर स्थित राजा मैरिज हॉल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महायज्ञ का गुरुवार को चतुर्थ दिवस सम्पन्न हुआ. यह कथा 8 जून से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलेगी.इस कथा का आयोजन गौड़ीय परंपरा के विशुद्ध संत नित्य लीला प्रविष्ट गुरुदेव श्री श्री चक्रधर प्रसाद ब्रह्मचारी जी महाराज के कृपा आशीर्वाद से वर्तमान आचार्य श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के तत्वावधान में हो रहा है. प्रसंग में पूज्य श्री आचार्य चरण ने श्रीमद भागवत में वर्णित भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन किया, जैसे कि समुद्र मंथन में मोहिनी अवतार,वामन अवतार,मत्स्य अवतार, गजग्राह का उद्धार,महाराज अम्बरीश का चरित्र.कथा का समापन भगवान रामचंद्र के प्राकट्योत्सव के साथ हुआ.महाराज अम्बरीश के चरित्र में एकादशी पालन करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य चरण ने बताया किया कि 8 से 80 वर्ष तक के हर व्यक्ति को एकादशी व्रत का पालन करना चाहिए.एकादशी व्रत भगवान की प्रसन्नता के लिए किया जाता है,इससे हमारा आध्यात्मिक उत्थान होता है. श्री आचार्य जी ने जनमानस से आह्वाहन करते हुए बिना किसी भ्रांत धारणा में उलझकर एकादशी व्रत पालन करने का संकल्प दिलवाया. एकादशी में दृढ़ निष्ठा होने के कारण स्वयं भगवान ने अम्बरीश महाराज की दुर्वासा मुनि से रक्षा की थी.इस दिव्य आयोजन में भारतवर्ष के कई शहर जैसे कि अजमेर,भरतपुर,कोटा,भोपाल,इंदौर,सागर, बीना,खुरई,झांसी इत्यादि से भक्त जन पधारें हैं.पंचम दिन के कथा प्रसंग में श्री कृष्ण जन्म बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेग। सभी शहर वासी इसमें सम्मिलित होकर आनंद लाभ लें।



## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** कोतवाली थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।पुलिस के अनुसार मर्ग क्रमांक 41/2026 की जांच के आधार पर 26 मार्च 2026 को अपराध क्रमांक 300/2026 धारा 108 एवं 3(5) बीएनएस के तहत राज कुशवाहा, रघुनाथ उर्फ रंगनाथ कुशवाहा तथा सुशीला कुशवाहा, निवासी जबलपुर नाका, दमोह के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 11 जून 2026 को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।गिरफ्तार आरोपियों में राज उर्फ रंगनाथ उर्फ रघुनाथ कुशवाहा (20 वर्ष), रघुनाथ उर्फ रंगनाथ कुशवाहा (50 वर्ष) तथा सुशीला बाई कुशवाहा (49 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी जबलपुर नाका क्षेत्र के निवासी हैं।कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय, थाना प्रभारी मनीष कुमार, उपनिरीक्षक उषा साहू, प्रधान आरक्षक कलीम खान, महेश यादव, अजीत दुबे, राकेश अवस्थी (साइबर सेल), आरक्षक नरेन्द्र पटेरिया एवं ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

### आनु फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**दमोह।** हिंडोरिया थाना क्षेत्र के आनु फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान लक्ष्मी रानी पति स्व. नन्नू पटेल (54 वर्ष), निवासी ग्राम करैया भदौली के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक मयूर बडगैया एवं आरक्षक देवेंद्र मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। गुरुवार सुबह शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया।हिंडोरिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षक के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की, शिक्षक संगठन ने किया सहयोग का वादा



**पटेरा।** शासकीय सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल पटेरा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रामेश्वर चौरसिया उर्फ कज्जू चौरसिया उम्र 45 वर्ष का 05 जून 2026 को अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से शिक्षक समाज एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चौरसिया जी अपने पीछे दो छोटी पुत्रियों सहित परिवार को छोड़ गए हैं। उनके निवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की गई तथा परिवारजनों से भेंट कर इस कठिन समय में उन्हें धैर्य एवं संबल प्रदान करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर परिवार को आश्वस्त किया गया कि पीएमयूएम शिक्षक संघ एवं कर्मचारी कल्याण कोष परिवार सदैव उनके साथ खड़ा है तथा हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। स्व. रामेश्वर चौरसिया जी कर्मचारी कल्याण कोष योजना के सक्रिय सदस्य थे तथा अपने जीवनकाल में उन्होंने इस योजना के माध्यम से अनेक जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान किया था। कर्मचारी कल्याण कोष योजना के नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षण उपरांत उनके परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर दमोह नरेंद्र बजाज जिला हरिभूमि ब्यूरो चीफ, मुकेश गुजरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी पटेरा जिला अध्यक्ष पवन खरे ब्लॉक अध्यक्ष दमोह, दिनेश सेन, जिला संगठन मंत्री गिरजा प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, पंकज जैन (ब्लॉक अध्यक्ष, प्राथमिक-माध्यमिक-उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ), अरविंद पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, विवेक ताम्रकार, अजय सिंह राजपूत, हरबंस चौरसिया राजेश कोरी कमलेश सेन उपस्थित रहे।

## 4 लाख 47 हजार का बिजली बिल घटकर हुआ 98 हजार, फिर भी नहीं जुड़ी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहरा निवासी आनंद कुमार लोधी ने बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए 4 लाख 47 हजार रुपये का कथित गलत बिजली बिल को सफलतापूर्वक चुनौती देकर उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। बिजली उपभोक्ता फोरम जबलपुर में हुई सुनवाई एवं जांच के बाद उक्त बिल को निरस्त करते हुए संशोधित राशि मात्र 98 हजार रुपये निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार आनंद कुमार की पत्नी लक्ष्मी बाई के नाम से ग्राम मोहरा में एक राइस मिल संचालित होती है। उपभोक्ता का कहना है कि राइस मिल वर्ष में केवल चार माह ही संचालित होती है, इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा लगातार अत्यधिक राशि के बिजली बिल जारी किए जा रहे थे। गलत बिलों के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों, दमोह विद्युत कंपनी के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन को शिकायतें दीं, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। निराकरण न मिलने पर उपभोक्ता ने मामला बिजली उपभोक्ता फोरम, रामपुर जबलपुर के समक्ष अपना विवाद प्रस्तुत किया। फोरम में हुई विस्तृत जांच और सुनवाई के दौरान बिजली बिलों में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इसके आधार पर 4 लाख 47 हजार रुपये से अधिक की देय राशि को निरस्त कर संशोधित बिल 98 हजार रुपये निर्धारित किया गया। साथ ही फोरम ने अपने 2 जून के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए कि राइस मिल का बिजली कनेक्शन पहले बहाल किया जाए तथा उसके बाद संशोधित बिल की राशि जमा कराई जाए। हालांकि उपभोक्ता का आरोप है कि फोरम के स्पष्ट आदेश के बावजूद हर्राई विद्युत वितरण केंद्र द्वारा अब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। बिजली कनेक्शन चालू न होने के कारण राइस मिल का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि न्यायिक आदेश के बावजूद विभागीय स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। उपभोक्ता ने संबंधित अधिकारियों से उपभोक्ता फोरम के आदेश का तत्काल पालन करते हुए बिजली कनेक्शन बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से राइस मिल का कार्य प्रभावित हो रहा है और इससे आजीविका पर भी असर पड़ रहा है। यह मामला बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, बिलिंग व्यवस्था तथा उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। साथ ही यह दर्शाता है कि यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उचित मंच पर शिकायत दर्ज कराएं, तो उन्हें न्याय प्राप्त हो सकता है।

### जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन का आगाज, 10 जुलाई को होगी वोटिंग

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर मध्य प्रदेश के निर्वाचन पश्चात जिला अधिवक्ता संघ दमोह के निर्वाचन 2026-28 का प्रोग्राम दिनांक 11.06.2026 को निर्वाचन अधिकारी चरनजीत सिंह वाधवा के द्वारा जारी कर दिया गया है। उक्त संबंध में निर्वाचन अधिकारी चरनजीत सिंह वाधवा एवं सचिव सुधीर पांडे के द्वारा विस्तृत रूप से प्रोग्राम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया गया कि दिनांक 11.06.2026 को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया उसके बाद जिन सम्मानीय अधिवक्ताओं के द्वारा अपनी बकाया सदस्यता शुल्क जमा नही कर पाये है उन्हंच दिनांक 19.06.2026 तक का बकाया सदस्यता शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान किया गया है तथा ऐसे नवीन अधिवक्ता जिन्होने संघ में सदस्यता ली है परंतु मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के नियमानुसार जिन्होंने अभी तक एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण नही किया है उन्हें जिला अधिवक्ता संघ दमोह के निर्वाचन में मतदान का अधिकार प्राप्त नही होगा।

## नल जल योजना की पाइप लाइन टूटने से जल सप्लाई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेसाबाद

ग्राम में पहले से ही जल समस्या से जूझ रहे ग्राम वासियों के सामने उस समय पीने के पानी की और अधिक समस्या खड़ी हो गई जब नल जल योजना के मेन पाइप रोड खुदाई में टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए और ग्राम की जल सप्लाई बंद हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार इस समय दमोह पन्ना मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है इसी दौरान ग्राम के पुलिया टोला के पास रोड कंपनी द्वारा रोड खुदाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही नल जल योजना के मुख्य पाइप क्षतिग्रस्त होकर टूट गए जिससे बाहर से आने वाले पानी की सप्लाई अवरुद्ध हो गई गांव में पानी सप्लाई नहीं होने से लोगों को पीने की पानी की किल्लत होने लगी है। ग्राम के मूल निवासी रणधीर दहिया जितेंद्र चौरसिया ने हरिभूमि को बताया कि रोड निर्माण में जेसीबी की खुदाई के दौरान पाइपलाइन टूट जाने के कारण हमारे गांव की जल सप्लाई बंद हो गई है। इससे पहले भी 10 दिनों के लिए जल सप्लाई बंद हुई थी और अब दोबारा जल सप्लाई बंद होने से हम लोगों के सामने पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या आ खड़ी हुई है। गौरतलब है कि ग्राम वासियों के लिए पानी का एकमात्र साधन यही नल जल योजना है यह जल सप्लाई बंद होने से ग्रामीण जन पीने के पानी को हैरान परेशान हो रहे हैं ग्राम वासियों ने शीघ्र ही नल जल योजना को दूरस्त कर जल सप्लाई चालू किए जाने की मांग की है ।



### इनका कहना है

पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की मुझे अभी 2 घंटे पहले जानकारी मिली है शीघ्र ही पाइपलाइन को दुरुस्त करा के जल सप्लाई चालू की जाएगी।

**डॉ मनोज राज**
**मैनेजर नल जल योजना कंपनी**

### महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

**तेंदूखेड़ा।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर तारादेही तिराहे से लगभग 100 मीटर दूर गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में एक महिला एवं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्लो बी, पति हमीद शाह, निवासी वार्ड क्रमांक 6 तेंदूखेड़ा सड़क 8.30 बजे रात में पैदल जा रही थीं। इसी दौरान तेंदूखेड़ा से अपने ग्राम धनगौर जा रहे बाइक चालक चंदन विश्वकर्मा (22 वर्ष), पिता रूपलाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम धनगौर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला एवं बाइक चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। दोनों के सिर में गंभीर चोटें होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।